Maintenance of assets created under JRY

1991. SHRI AHMED PATEL: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in. most of the States including Gujarat where JRY is being implemented, adequate attention has not been given to the maintenance of assets createad under JRY;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps proposed to be taken by Government to ensure proper maintenance of assets created under JRY by the States?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI BABAGOUDA PATIL): (a) to (c) No, Sir. Panchayats can use upto 10 per cent of annual allocation for the maintenance of assets created under Jawahar Rozgar Yojana (JRY) in all the States of the country including Gujarat.

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने संबंधी योजनायें

1992. **श्री वलवंत सिंह रामूवालिया** :

श्री कपिल सिब्बल :

क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए अनेकों योजनाओं कार्यान्वित की गई है;

(ख) यदि हां, तो यह योजनायें कौन-कौन सी है तथा इन योजनाओं के माध्यम से हर वर्ष रोजगार के कितने अतिरिक्त अवसर पैदा करने का लक्ष्य है, और

(ग) गत वर्षो के दौरान रोजगार के अतिरिक्त अवसर पैदा करने की औसत वार्षिक दर क्या रही हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटील) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) जवाहर रोजगा योजना, सुनिश्चित रोजगार योजना, दस लाख कुओं की योजना, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यान्वम, ग्रामीण महिला एवं बाल विकास (डवाकरा) ग्रामीण युवाओं स्व-रोजगार प्रशिक्षण (ट्राईसेम) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही मुख्य रोज-गारोन्मुख योजनायें है। इस योजना के अन्तर्गत रोजगार के अतिरिक्त अवसरों का सृजन करने का लक्ष्य तथा रोजगार के लिये अतिरिक्त अवसरों के सृजन का ब्यौरा अनुपत में दिया गया है। (देखिये परिशिष्ट 185, अनुक्रम सं0 49)

स्वैच्छिक संगठन द्वारा अनियक्षितायें

1993. **श्री रामदेव भंडारी :** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कपार्ट द्वारा नियुक्त एक जांच एजेंसी न बिहार के मधुबनी जिल में "सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र" पथराही झंझारपुर (आर.एस.) नामक एक स्वयं सेवी संस्था द्वारा करीब 10 लाख रूपये की अनियमितताएं किये जाने का आरोप लगाया है तथा संस्था के विरूद्ध कार्यवाई करने की सिफारिश की है,

(ख) इस एजेन्सी द्वारा कौन सी तारीख को सिफारिश की गई थी,

(ग) क्या क्पार्ट द्वारा कार्यवाई की गयी है, और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है और कार्यवाई कब तक किये जाने की संभावना है ?